बांह मेरी भी पकड़ एक बार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे,
मेरी नैया है बिच मजधार सांवरे,
तेरे हाथों में है मेरी पतवार सांवरे,
आके मुझको लगा दे उस पार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे।।

तर्ज यूँ ही होता रहे तेरा।

मेरा तुझपे भरोसा बड़ा भारी है,
लोग कहते तुझे दातारी है,
मेरी बारी क्यों देर लगाई सांवरे,
मेरी बारी क्यों देर लगाई सांवरे,
तेरी याद में आँखे भर आई सांवरे,
मेरे आंसुओ को देख एक बार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे।।

जिसने भावो से तुझको मनाया है,
मेरे सांवरे उसी ने तुझे पाया है,
नजरे मुझपे भी कर मेरे श्याम सांवरे,
नजरे मुझपे भी कर मेरे श्याम सांवरे,
मेरे दिल का यही है अरमान सांवरे,
तुझे मिलने को दिल बेकरार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे।।

बड़ी आस लेके दर तेरे आया हूँ,
सारी दुनिया का सांवरे सताया हूँ,
अपने सिने से लगाले एक बार सांवरे,
अपने सिने से लगाले एक बार सांवरे,
तेरे दास की तू सुनले पुकार सांवरे,
राज मित्तल पे कर उपकार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे।।

बांह मेरी भी पकड़ एक बार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे,
मेरी नैया है बिच मजधार सांवरे,
तेरे हाथों में है मेरी पतवार सांवरे,
आके मुझको लगा दे उस पार सांवरे,
मुझे तेरी बड़ी है दरकार सांवरे।।

Singer Aarti Sharma

Source: https://www.bharattemples.com/baah-meri-bhi-pakad-ek-bar-sanware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw